**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**19.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों और युद्ध नायकों के परिवारों के कल्याण को बताया केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–युवाओं को कुशल व रोजगारपरक बनाना समय की मांग।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की बात दोहराई, कहा– धारा–118 में राहत देने पर विचार कर रही है सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–जीएसटी सुधारों से समाज के हर वर्ग को मिलेगी राहत, आर्थिक सुधारों को नया आयाम दे रही है केन्द्र सरकार।
- प्रदेश में मॉनसून के दौरान सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज–कल से मॉनसून के धीमा पड़ने के आसार।

## भारत–पाक युद्ध

वर्ष 1965 में हुये भारत–पाकिस्तान युद्ध के सैनिकों के बलिदान और साहसपूर्ण कार्यों की याद में देश इस महीने हीरक जयंती मना रहा है। केन्द्र सरकार कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले और शक्ति परीक्षण में भारत की विजय सुनिश्चित करने वाले वीरों के सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में 60 वर्ष पूर्व पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों व युद्ध नायकों के परिवारों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि युद्ध में प्राप्त विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिक्षा और कौशल को सामाजिक विकास के मुख्य स्तंभ बताया है। उन्होंने आज शिमला में एडुस्किल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के समापन अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा से कौशल को बढ़ावा मिलता है और इन दोनों के संयोजन से ही राष्ट्र का विकास होता है। राज्यपाल ने कहा कि देश की 65 फीसदी से अधिक आबादी युवा है और युवाओं को कुशल व रोजगारपरक बनाना समय की मांग है।

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि हिमाचल को औद्योगिक हब बनाया जाएगा और राज्य सरकार धारा–118 में राहत देने पर विचार कर रही है। सीआईआई की हिमाचल इकाई ने आज शिमला में आर्थिक शिखर सम्मेलन–2025 की मेज़बानी की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राज्य सरकार मज़बूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का औद्योगिक निर्यात 20 हज़ार करोड़ रूपये तक पहुंच गया है और राज्य के सकल घरेलु उत्पाद में भी उद्योगों का बड़ा योगदान है।

## राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बिलासपुर ज़िले में घुमारवीं–बल्ही–अमरपुर सड़क को सुदृढ़ करने पर 6 करोड़ 13 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने आज घुमारवीं क्षेत्र की सेऊ पंचायत में जनसमस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित कर रही है जहां डॉक्टरों व अन्य पैरामैडिकल स्टाफ की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि घुमारवीं नागरिक अस्पताल में 6 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। राजेश धर्माणी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भराड़ी का दौरा भी किया और मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायज़ा लिया।

## राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले की पूह पंचायत में जनसमस्याएं सुनी और अधिकारियों को इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निर्धन, भूमिहीन और उपेक्षित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है और वन अधिकार अधिनियम के तहत लोगों को ज़मीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है। जगत सिंह नेगी ने लोगों से वन अधिकार अधिनियम का लाभ उठाने के लिए आगे आने को कहा।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि जी.एस.टी. में किए गए सुधारों से आम आदमी से लेकर व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आर्थिक सुधारों को नया आयाम दे रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 28 फीसदी जीएसटी के तहत आने वाले 90 फीसदी उत्पादन को 18 फीसदी की जीएसटी में लाया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि रोजमर्रा की चीज़ों और कृषि उत्पादों का विशेष ध्यान रखा गया है और अनेक उत्पादों पर जीएसटी को खत्म किया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था दुनियाभर में 11वें पायदान से चौथे पायदान पर पहुंच चुकी है और वर्ष 2029 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरे स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य है।

## सेवा पर्व –जनजातीय सशक्तिकरण

जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हमारी विशेष श्रृंखला – ''सेवा पर्व'' में आज हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाया है और उनके जीवन स्तर में सुधार किया है।

## मौसम

प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अभी तक सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है जो वर्ष 1995 के बाद मॉनसून की सबसे अधिक वर्षा है। वर्ष 1995 में एक हज़ार 29 मिलीमीटर वर्षा हुई थी जबकि इस वर्ष मॉनसून के दौरान अभी तक एक हज़ार 21 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि लाहौल स्पीति के अलावा अन्य सभी ज़िलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। उन्होंने कहा कि कल से वर्षा में कमी आएगी और 25 सितम्बर तक मध्यवर्ती इलाकों में कुछ एक स्थानों पर हल्की वर्षा के आसार है।

## कंगना रनौत

सांसद कंगना रनौत ने राज्य सरकार से पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को राहत पैकेज देने की मांग की है। उन्होंने आज कुल्लू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया। पत्रकारों से बातचीत में कंगना रनौत ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से कुल्लू–मनाली में पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है और बड़ी संख्या में लोगों की रोज़ी–रोटी पर असर पड़ा है। सांसद ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में केन्द्र सरकार लोगों के साथ खड़ी है और प्रदेश को राहत पैकेज दिया गया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों और युद्ध नायकों के परिवारों के कल्याण को बताया केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–युवाओं को कुशल व रोजगारपरक बनाना समय की मांग।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की बात दोहराई, कहा– धारा–118 में राहत देने पर विचार कर रही है सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–जीएसटी सुधारों से समाज के हर वर्ग को मिलेगी राहत, आर्थिक सुधारों को नया आयाम दे रही है केन्द्र सरकार।

- प्रदेश में मॉनसून के दौरान सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज–कल से मॉनसून के धीमा पड़ने के आसार।